# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात** **दिनांक- 01.11.2025**

- **थाना शिवली पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए चोरी की घटना कारित करने वाले 01 अभियुक्त व 01 बाल अपचारी को किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा व 02 जिंदा कारतूस बरामद।**
- **अभियुक्त/बाल अपचारी की निशांदेही पर चोरी किया गया सामान बरामद।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में आपराधिक घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, आज दिनांक 01.11.2025 को रात्रि में थाना शिवली पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान केशरी निवादा नहर पुल से करीब 200 मीटर आगे मजार के पास दो व्यक्ति मोटर साईकिल पर बैठे अपनी मोटर साइकिल को स्टार्ट करने की कोशिश करते हुए मिले, संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम द्वारा दोनों व्यक्तियों से पूछताछ की गयी तो एक नाबालिग था तथा दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम रामसजीवन पुत्र दर्शनलाल उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम अरसदपुर थाना शिवली जनपद कानपुर देहात बताया, जिसकी जामा तलाशी ली गयी तो एक अदद नाजायज तमंचा 32 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 32 बोर व अन्य सामान बरामद हुए। मोटर साइकिल के हैण्डल से एक थैला जिसमें चोरी करने में प्रयुक्त सामान बरामद हुआ। अभियुक्त को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्त की निशांदेही पर बन्नापुर से 500 मीटर रसूलाबाद की तरफ रोड से लगभग 50 मीटर दूरी पर दाहिने ओर अकेले बने एक बाउण्ड्री वाल के पीछे से छुपाये गये चोरी के सामान बरामद हुए। बरामद माल के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर दोनों ने संयुक्त रूप से बताया कि अभी कुछ दिन पहले बन्नापुर के सरकारी स्कूल से LED SMART BOARD 78 इंच, 03 अदद बैटरी, एक अदद यू0पी0एस0, 01 अदद गैस सिलेण्डर व अन्य सामान चोरी किया था व नई समर सेबल पम्प एक ट्यूबेल से चोरी किया था तथा बिजली के तार एवं एमसीबी बॉक्स और एम्प्लीफायर को कस्बा शिवली के अर्द्ध निर्मित मकान से चोरी करना बताया गया।

अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना शिवली पर मु0अ0सं0 336/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम रामसजीवन पुत्र दर्शनलाल उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम अरसदपुर थाना शिवली जनपद कानपुर देहात व मु0अ0सं0 337/2025 धारा 317(2) बीएनएस बनाम 1. रामसजीवन पुत्र दर्शनलाल उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम अरसदपुर थाना शिवली जनपद कानपुर देहात व 01 बाल अपचारी पंजीकृत किया गया एवं मु0अ0सं0 264/2025 धारा 305(5)/331(4)/317(2) बीएनएस में नाम प्रकाश में लाते हुये विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त व बाल अपचारी को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का विवरण-**

1. रामसजीवन पुत्र दर्शनलाल उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम अरसदपुर थाना शिवली जनपद कानपुर देहात
2. बाल अपचारी

**बरामदगी का विवरण-**

1. एक अदद मोटर साइकिल होण्डा ब्लेड नम्बर प्लेट जिसका इंजन नम्बर KC35EA3005840 एवं चेचिस नम्बर ME4KC356HLA003413 जिसका रजिस्ट्रेन नं0 UP 78 GE 5650 है।
2. एक अदद थैला जिसमें पाइप रिन्च, दो पाना , एक रिन्च बड़ी तीन छोटी रिन्च ,दो आरी मय ब्लेड, एक प्लास , एक कटर , एक सब्बल , एक हथौड़ा आदि चोरी हेतु प्रयोग में लाये जाने वाले उपकरण।
3. एक अदद एमसीवी बाक्स
4. एक अदद एम्प्लीफायर AMCO कम्पनी
5. एक अदद समरसेबल पम्प नई पैकेट पैक दो गत्ते में जिस पर DELMA CRI PUMPS

6. तार के चार लच्छे लाल रंग , काला रंग , पीला रंग, नीला रंग एवं,
7. एक अदद LED SMART BOARD 78 इंच (कीमत चार लाख रुपये)
8. 03 अदद बैटरी LEOCH कम्पनी
9. 01 अदद यू0पी0एस0
10. 01 अदद गैस सिलेण्डर
11. अभियुक्त रामसजीवन के कब्जे से 01 अदद तमंचा 32 बोर व 2 अदद जिंदा कारतूस 32 बोर।

**अभियुक्त रामसजीवन पुत्र दर्शनलाल उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 264/2025 धारा 305(5)/331(4)/317(2) बीएनएस थाना शिवली जनपद कानपुर देहात,
2. मु0अ0सं0 336/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना शिवली जनपद कानपुर देहात,
3. मु0अ0सं0 337/2025 धारा 317(2) बीएनएस थाना शिवली जनपद कानपुर देहात,

**बाल अपचारी का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 264/2025 धारा 305(5)/331(4)/317(2) बीएनएस थाना शिवली जनपद कानपुर देहात,
2. मु0अ0सं0 337/2025 धारा 317(2) बीएनएस थाना शिवली जनपद कानपुर देहात,

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

थाना शिवली पुलिस